प्रेषक, **अतिमहत्वपूर्ण एवं विशेषध्यानाकर्षण**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएँ।

पत्रांकः प्राशिप/अनु 03/2024/7673 **लखनऊः दिनॉकः**09/10/**2024**

विषयः परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून 2024 के पुनर्मूल्यॉकन हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया परिषद कार्यालय द्वारा निर्गत पत्र संख्या–प्राशिप/अनु03/2024/7585, दिनांक 03.10.2024, पत्र संख्या–प्राशिप/अनु03/2024/7621, दिनांक 07/10/2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, उक्त पत्रों द्वारा सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर, परीक्षा जून 2024 के परीक्षा परिणाम में प्राप्त अंको से असंतुष्ट छात्र/छात्राओं के लिये पुर्नमूल्यांकन फॉर्म परिषद की वेबसाइट bteup.ac.in पर आमंत्रित किये गये थे। पुनर्मूल्यॉकन के रजिस्ट्रेशन की तिथि 05/10/2024 से 07/10/2024 तक एवं PAYMENT RECEIPT को प्रिन्ट करने हेतु अंतिम तिथि 09/10/2024 निर्धारित की गयी थी। पुनः छात्रहित के दृष्टिगत पुनर्मूल्यॉकन के रजिस्ट्रेशन की तिथि 09/10/2024 तक एवं PAYMENT RECEIPT के प्रिन्ट करने हेतु अंतिम तिथि 11/10/2024 तक निर्धारित की गयी।

अवगत कराना है कि आज दिनांक 09/10/2024 को महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ की अध्यक्षता में आहूत बैठक में छात्रहित के दृष्टिगत जिन छात्र/छात्राओं द्वारा पुनर्मूल्यांकन शुल्क रू0 500/– का भुगतान कर दिया गया है, ऐसे छात्र/छात्राओं का शुल्क रू0 250/– प्रति विषय के अनुसार एक माह के भीतर आनलाइन छात्र के खाते में वापस करने एवं पुनर्मूल्यांकन शुल्क रू0 250/– प्रति विषय निर्धारित करते हुए पुनर्मूल्यांकन के रजिस्ट्रेशन की तिथि 20/10/2024 तक एवं PAYMENT RECEIPT के प्रिन्ट करने हेतु अंतिम तिथि 22/10/2024 तक बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि अपनी संस्था के अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को उक्त के संबंध में अपने स्तर से अवगत कराने का कष्ट करें। शेष निर्देश पूर्ववत रहेंगे।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

पृ0सं0: प्राशिप/अनु03/2024/7674-78 **तद् दिनांकः** 09/10/**2024**

प्रतितिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन लखनऊ को प्रमुख सचिव महोदय के अवलोकनार्थ सादर प्रेषित।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, बुन्देलखण्ड क्षेत्र/पूर्वी क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र, को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्था प्रधानाचार्य को अपने स्तर से निर्देशित करना चाहें।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को, परिषद की वेबसाइट bteup.ac.in पर दिनांक बढ़ाने के संबंध में।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।